221
222

बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर विचार –विमर्श किया गया :-

| क्र स | चर्चित बिन्दु | प्रस्तावक | सदस्यों द्वारा सुझाव/ निराकरण | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. ✓ | अतिरिक्त कक्षा- कक्ष (आठ कक्ष) निर्मित करने के सन्दर्भ में ।<br><br>1.बालवाटिका 1,2 ,3<br>2. एस.यू.पी डब्लू-1<br>3.गणित लैब -1<br>4. स्काउट-गाइड कक्ष -1<br>5. कनिष्ठ विज्ञान प्रयोगशाला -1 | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने कहा कि विगत बैठक में भी इस बिंदु के सन्दर्भ में अवगत कराया गया था । आवश्यक प्रस्ताव सम्बन्धित समस्त विवरण एस ई सी एल कार्यालय पूर्व में ही भेजा जा चुका है परन्तु अभी तक कार्य लम्बित है । इस वर्ष बालवाटिका 1 तथा 2 की कक्षाएँ भी संचालित करने का प्रावधान था लेकिन कक्षों के अभाव में कार्य सम्भव नही हो पाया। साथ ही एस.यू.पी.डब्लू., जूनियर साइंस लैब ,स्काउट गाइड , तथा गणित प्रयोगशाला हेतु कक्षों की भी नितांत आवश्यकता है । | **श्री पी.आर त्रिपाठी नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने श्री रजंन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल) को सलाह दिया कि** उक्त समस्या का समाधान समय रहते अवश्य किया जाए । इस सन्दर्भ में आवश्यक कार्यवाही के लिए उचित प्रस्ताव निर्मित किया जाए।<br>श्री रंजन कुमार जैन ने बताया कि प्रस्ताव निर्मित कर E&M को प्रेषित कर दिया गया है। | अतिरिक्त कक्षा- कक्ष (आठ कक्ष) निर्मित करने के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी पूर्ण दस्तावेजों के साथ पूर्व में ही सम्बन्धित कार्यालय को भिजवाया जा चुका है लेकिन कार्य लंबित है। |
| 2. | नूतन कम्प्यूटर की खरीदी।<br><br>तकनीकी उपकरणों का कंडमनेशन (अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण )<br><br>बाल –उद्यान का निर्माण<br><br>फोटो कॉपी मशीन का क्रय। | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने अवगत कराया कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार तथा एस ई सी एल के सहयोग से विधिवत प्रक्रिया को पूर्ण करके विद्यालय में 22 नवीन कम्प्यूटर क्रय कर लिए हैं। साथ ही जैम पोर्टल की प्रक्रिया के द्वारा 40 यूपीएस भी क्रय कर प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया है।<br>प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों के लिए बाल –उद्यान का कार्य ,फोटो कॉपी मशीन का क्रय आवश्यक संसाधनों के साथ पूर्ण कर लिया है। | **श्री पी.आर त्रिपाठी नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने** पूर्व बैठक में उल्लेखित कार्यों के निष्पादन का विवरण प्राप्त किया। | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने कार्य निष्पादन के लिए एस ई सी एल के सभी पदाधिकारियों के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। |
| 3. ✓ | विद्यालय इमारत एवं स्टाफ आवास के नवीनीकरण का कार्य ।<br><br>(सिविल) | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** द्वारा अवगत कराया गया कि कि विद्यालय इमारत एवं स्टाफ आवास की स्थिति जर्जर एवं दयनीय है । जिनके शीघ्र- अतिशीघ्र मरम्मत कार्य की नितांत आवश्यकता है। | **श्री पी.आर त्रिपाठी नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने श्री रंजन कुमार जैन (मुख्य प्रबन्धक सिविल)** को सलाह दिया कि उक्त समस्या का समाधान समय रहते अवश्य किया जाए।<br>उन्होंने स्टाफ आवास की मरम्मत कार्य के लिए श्री रंजन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल) को निर्देशित | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने कहा कि किस आवास में क्या न्यूनता है,इसकी सम्पूर्ण जानकारी विद्यालय स्टाफ से क्रमशः स्वीकार कर कार्यालय में छायाचित्रों के साथ प्रेषित कर दी गई है परन्तु अभी भी उक्त |



प्राचार्य/PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय/Kendriya Vidyalaya
एसईसीएल धनपुरी/SECL Dhanpuri
जिला शहडोल (म.प्र.)/Distt. Shahdol (M.P.)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | करते हुए कहा है कि जो अभी अन्य आवासों में काम चल रहा है उसके साथ पूर्ण कर लीजिए।।<br>इन सभी कार्यों के लिए एक सम्मिलित प्रस्ताव तैयार कर कार्यों के निराकरण के लिए आश्वस्त किया एवं समस्त मरम्मत कार्य हेतु 02 माह का समय निर्धारित किया। | समस्या से निजात नही मिल पाया है। |
| 4. | तकनीकी उपकरणों का कंडमनेशन (अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण ) | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियामानुसार तकनीकी उपकरणों का कंडमनेशन किया जाना सुनिश्चित है जिसके तहत आंशिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है । सम्बन्धित विवरण अनुमोदनार्थ क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर को प्रेषित कर दिया गया है। | | **प्राचार्य महोदय ने बताया** तकनीकी उपकरणों का कंडमनेशन (अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण ) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। |
| 5 | 25 इंटरैक्टिव पैनल की खरीदी।<br><br>(वित्त) | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** द्वारा अवगत कराया गया कि विगत बैठक में भी यह बिंदु प्रस्तावित था। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट विद्यालयों में सभी कक्षाओं में इंटरैक्टिव पैनल लगाना अनिवार्य है ताकि विद्यार्थी अपने ज्ञान कौशल को तकनीकी संसाधनों की सहायता से अर्जित कर सकें जिसके लिए निधि एस.ई.सी.एल द्वारा दिया जाना है। | **श्री पी.आर त्रिपाठी नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर** ने सभी पदाधिकारियों से आवश्यक विचार कर उक्त कार्य को निष्पादित करने के लिए आश्वस्त किया। | इस सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश जो केन्द्रीय विद्यालय संगठन से प्राप्त हुए हैं उनका उल्लेख करते हुए प्राचार्य महोदय ने बताया कि शिक्षा में तकनीकी विकास हेतु सभी कक्षाओं में इंटरैक्टिव पैनल स्थापित किया जाना है। इस कार्य के लिए एस.ई.सी.एल से सहयोग अपेक्षित है। |
| 6 ✓ | 1. साइकिल स्टैंड शेड ।<br>2. भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला से छात्र शौचालय तक शेड का निर्माण ।<br>3. बास्केटबाल कोर्ट का नवीनी करण का कार्य।<br>4. प्रार्थना सभा मंच के पीछे के भाग को ढकना।<br>5. शौचालय के लिए पृथक टैंक का निर्माण ।<br>6. वार्षिक निरीक्षण कार्य से पूर्व विद्यालय | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने प्रदत्त सभी बिन्दुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया।<br>तथा आवश्यक कार्यों की पूर्ति के लिए निवेदन किया। | **श्री पी.आर त्रिपाठी नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने श्री रंजन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल)** को सलाह दिया तथा इन सभी कार्यों के लिए एक सम्मिलित प्रस्ताव तैयार कर कार्यों के निराकरण के लिए आश्वस्त किया एवं समस्त मरम्मत कार्य हेतु **02 माह** का समय निर्धारित किया।<br><br>श्री कुनाल बघेल मैनेजर (पर्सनल) एस ई सी एल सोहागपुर ने सुझाव दिया कि केंद्रीय विद्यालय के भवन के समस्त मरम्मत एवं नवीनीकरण | बारिश के दिनों में विद्यार्थियों की अध्ययन –अध्यापन प्रक्रिया में समस्या आती है अत: विद्यार्थियों के हित को मध्यनजर रखते हुए उक्त कार्यों का निष्पादन शीघ्र करने के लिए निवेदन किया गया । |



प्राचार्य/PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय/Kendriya Vidyalaya
एसईसीएल धनपुरी/SECL Dhanpuri
जिला शहडोल (म.प्र.)/Distt. Shahdol (M.P.)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | इमारत का रंग –रोगन कार्य।<br>7. टूटी हुई खिड़कियों को सही करने का कार्य।<br>8. कक्षा 7 A तथा 7B में फर्श का नवीनीकरण।<br>9. विभिन्न कक्षा-कक्षों तथा विभागों में पानी टपकना।<br>10. विद्यालय के भवन के सामने के भाग को नया रूप (FACELIFT) देना।<br>11. प्राथमिक विभाग में विद्यार्थियों के लिए पानी पीने वाले स्थान पर शेड लगाना।<br>(सिविल) | | कार्यों हेतु एकल संयुक्त प्रस्ताव तैयार किया जा सकता है।<br><br>विद्यालय भवन के रंग-रोगन हेतु श्री रंजन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल) ने बताया कि वर्तमान में बारिश के मौसम में विद्यालय भवन के रंग-रोगन संभव नहीं है एवं उन्होंने आश्वस्त किया कि बारिश के मौसम के बाद इस कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाएगा जिस पर प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल. धनपुरी ने AUTUMN BREAK के दौरान रंग-रोगन कार्य पूर्ण करने का सुझाव दिया जिस पर श्री पी.आर त्रिपाठी नामित अध्यक्ष महोदय एवं श्री रंजन कुमार जैन मुख्य प्रबन्धक (सिविल) द्वारा सहमति प्रदान की गयी। | |
| 7 | जनरेटर (GENSET) तथा 2 वाटर कूलर की खरीदी।<br><br>(वित्त) | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षा के समय अगर विद्‌युत् नही रहती है प्रश्न-पत्र प्रिंट करने से लेकरअन्य कार्यों को पूर्ण करने के लिए अनके समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिस हेतु विद्यालय में जनरेटर की नितांत आवश्यकता है। साथ ही विद्यार्थियों को शुद्ध पानी उपलब्ध हो इसके लिए 02 वाटर कूलर की भी आवश्यकता है। | **श्री पी.आर त्रिपाठी नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति ने बैठक में उपस्थित SECL के अधिकारीयों एवं E&M (ELECTRONICS AND MAINTENANCE) विभाग** को दूरभाष के माध्यम से को विद्यालय को जनरेटर (GENSET) तथा 2 वाटर कूलर उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। | **श्री पी.आर त्रिपाठी नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति** एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर ने प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता को निर्देशित करते हुए बताया कि आपके संगठन का **MoU** काफी पुराना है। जो भी नियम बनाएँ गए उनका उल्लेख स्पष्ट नही है। अपने सम्बन्धित अधिकारियों को इस सन्दर्भ में अवश्य बताने के लिए निर्देशित किया। |
| 8 | अन्य बिंदु<br>(IIT NEET आदि) परीक्षाओं के विद्यार्थियों को तैयार करना। | **प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता** ने बताया कि हमारी सभी विद्यालय के बाद रुककर बच्चों को पढ़ाते हैं उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करते हैं।<br><br>अधिकांश विद्यार्थी दूर-दराज के क्षेत्रों से आते हैं वे संसाधनों के अभाव के कारणरुक नही पाते हैं। | **श्री पी.आर त्रिपाठी नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं महाप्रबंधक(ऑपरेशन) एस ई सी एल सोहागपुर** ने अभिमत जाहिर करते हुए कहा कि शिक्षा का स्तर बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में हमे और अधिक सामूहिक प्रयास करने होंगे ताकि विद्यार्थियों को और अच्छी शिक्षा मिले। | प्रवेश प्रकिया के सन्दर्भ में श्री कुनाल बघेल मैनेजर (पर्सनल) ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा ऐसा किया गया है।<br>एक कक्षा वर्ग में विद्यार्थियों की संख्या 32 कर दी गई है।<br>श्री गौरव सिंहल सहायक प्रबन्धक एस ई |



प्राचार्य/PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय/Kendriya Vidyalaya
/SECL Dhanpuri

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | विद्यालय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण अच्छा है । परिणाम को और अधिक बेहतर बनाने के लिए निर्देशित किया ।<br><br>प्रवेश प्रक्रिया में ग्रांड –पैरेंट के आधार पर प्रवेश को बंद कर दिया है। यह कार्य सराहनीय है, लेकिन जो हमारे कर्मचारी किसी अन्य स्थानों से स्थानांतरित होकर आते हैं उनके लिए प्रवेश प्रावधान होने चाहिए ।<br><br>नामित अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं एस.ई.सी.एल. के बीच वर्तमान MoU काफी पुराना जिसमे संशोधन (REVISION) की आवश्यकता और यह सुझाव भी दिया कि के.वि.सं एवं एस.ई.सी.एल. के उच्च अधिकारीयों के बीच इस सम्बन्ध में आवश्यक परिचर्चा एवं पत्राचार के माध्यम MoU में संशोधन किया जाए ताकि आवश्यक कार्यों समय से पूर्ण किया जा सके ।<br><br>श्री अमित सिंह उपप्रबंधक माइनिंग ने कहा कि बच्चो को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कक्षा IX –X से ही तैयार किया जाए ।<br><br>उन्होंने प्राचार्य महोदय को अवगत कराया कि एस ई सी एल के अनेक पदाधिकारी IIT से सम्बन्ध रखते हैं उनको विद्यालय बुलाकर विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र एवं कार्यशाला आयोजित करने के लिए सुझाव दिया । | सी एल सोहागपुर ने कहा कि वाणिज्य संकाय का परिणाम विज्ञान संकाय से कमजोर है ।विद्यार्थियों को प्रेरित करना आवश्यक है ।<br>इस सन्दर्भ में प्राचार्य महोदय ने बताया कि विज्ञान संकाय में अधिकांश बाहर के विद्यार्थी हैं यही मुख्य कारण है । |

**बैठक के अंत में श्री नौशाद अली शिक्षक प्रतिनिधि ने सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया तथा उचित मार्गदर्शन का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आश्वस्त किया ।**

अध्यक्ष/Chairman
वि.प्र.स./VMC
केन्द्रीय विद्यालय एस.ई.सी.एल.धनपुरी
Kendriya Vidyalaya,SECL,Dhanpuri

प्राचार्य/PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय/Kendriya Vidyalaya
एसईसीएल धनपुरी/SECL Dhanpuri
जिला शहडोल (म.प्र.)/Distt. Shahdol (M.P.)
PIN - 484114